*__प्रेस विज्ञप्ति__*

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# __पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)__

## __पंडित गोविन्द बल्लभ पंत जी की 138वीं जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित__

पंतनगर। 11 सितम्बर 2025। भारत रत्न पंडित गोविन्द बल्लभ पंत की 138वीं जयंती के शुभ अवसर पर विश्वविद्यालय के गांधी हाल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि मेयर, नगर निगम, रूद्रपुर श्री विकाश शर्मा, विशिष्ट अतिथि डा. हयात सिंह रावत, साहित्यकार एवं श्री अनिल धस्माना, पूर्व प्रमुख, रा, एनटीआरओ एवं विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान के साथ विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशकगण, विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

श्री विकाश शर्मा द्वारा विश्वविद्यालय की उपलब्धियों एवं प्रदेश ही नहीं बल्कि देश के किसानों के लिए विकसित की गयी विभिन्न फसलों की किस्मों एवं तकनीकों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से वर्ष 2047 तक भारत देश को विकसित राष्ट्र बनाने में पूरे मनोयोग से सहयोग देने का आह्वान किया गया। उन्होंने भारत रत्न गोविन्द बल्लभ पंत जी के योगदान और उनकी विशिष्टता पर भी प्रकाश डाला। डा. रावत ने पंत जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से उनके पदचिन्हों पर चलने का आह्वान किया। उनके द्वारा स्थानीय सांस्कृतिक धरोहर को सजोने की बात कही गयी और देश में प्रचलित विभिन्न भाषाओं पर प्राकश डालते हुए कुमाऊँनी भाषा को भी अन्य भाषाओं की भांति प्रमुखता देने की बात कही। श्री अनिल धस्माना द्वारा भी विश्वविद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया तथा विद्यार्थियों से विश्वविद्यालय की गरिमा में उत्तरोत्तर वृद्धि के लिए अध्ययन कार्य को पूरे मन से करने के लिए सुझाव दिया गया। उन्होंने भी पंत जी का पूरे भारतवर्ष उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड के लिए और विशेष रूप से पंतनगर विश्वविद्यालय के निर्माण में दिये गये योगदान को याद किया।

कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों से वहां उपस्थित विशिष्ट अतिथि डा. रावत एवं श्री धस्माना द्वारा दिये गये सुझावों पर अमल करने तथा पंत जी के आर्दशों पर चलने का आह्वान किया जिससे कि विश्वविद्यालय का नाम रोशन हो और समाज का भी स्तर ऊंचा उठे। उन्होंने यह भी कहा कि पंतनगर विश्वविद्यालय देश में हरित क्रांति का जनक रहा है और दूसरी क्रांति भी यहीं से होगी। उन्होंने कहा कि जिस गति से देश में प्रगति हो रही है हम 2047 के पूर्व ही भारत देश विकसित राष्ट्र बन सकता है।

विश्वविद्यालय के पंत भवन छात्रावास के विद्यार्थियों एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण विभाग द्वारा संयुक्त रूप से पंत जयंती समारोह का आयोजन किया गया। पंत भवन के विद्यार्थियों ने बहुत ही रोचक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। पंत जयंती के अवसर पर पंत भवन के विद्यार्थियों द्वारा सितम्बर 1 से 10 तक कई कार्यक्रम आयोजित किये गये और विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले विजेता विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. ए.एस. जीना द्वारा सभी का स्वागत किया गया।



